(b) if so, whether it is also a fact that too much emphasis has been placed on acquaculrture by MPEDA; and

(c) if so, whether Government propose to conduct a review of this policy

THE MINISTER OF COMMERCE (SHRI PRANAB MUKHERJEE) : (a) No, Sir

(e) and (c) Do not arise.

कॉफी बोर्ड के कर्मचारियों की छंटनी

817. श्री शारदा महन्ती :
श्री सोमपाल :

क्या वाणिज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार का विचार खर्च में कमी लाने के उद्देश्य से कॉफी बोर्ड में कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों की छंटनी करने का है ;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस कार्य को कब तक पूरा कर लिए जाने की संभावना है ;

(ग) इस समय कॉफी बोर्ड के आय और व्यय का ब्यौरा क्या है और इन बचत कार्यक्रमों को करने के पश्चात् इसके व्यय में कितनी कमी आने की संभावना है ; और

(घ) कॉफी बोर्ड के कार्यकरण पर अधिकारियों और कर्मचारियों की छंटनी से कोई प्रतिकूल प्रभाव न पड़े यह सुनिश्चित करने हेतु क्या पूर्व सावधानियां बरती जा रही हैं ?

वाणिज्य मंत्री (श्री प्रणव मुखर्जी) : (क) जी, हां। कॉफी बोर्ड ने अपने विपणन क्रियाकलापों में कमी होने के परिणामस्वरूप बेशी श्रम शक्ति को कम करने के लिए तथा विपणन की लागत को कम करने के लिए भी कदम उठाए हैं ।

(ख) वर्ष 1992-93 में 30% घरेलू बिक्री कोटा प्रदान किए जाने तथा वर्ष 1993-94 मौसम से 50% मुक्त बिक्री कोटा दिये जाने के फलस्वरूप कॉफी बोर्ड के विपणन क्रियाकलाप में काफी कमी आई है, जिसके फलस्वरूप श्रम शक्ति बेशी हुई है और इस प्रकार बोर्ड के पास एकत्र की गई जो उपलब्ध कॉफी थी उसका विपणन अधिक खर्चीला हो गया । कॉफी बोर्ड के कर्मचारियों के एक हिस्से के लिए अनुमोदित की गई स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना के जल्दी ही लागू किए जाने की संभावना है ।

(ग) कॉफी बोर्ड की अपनी कोई निजी आय नहीं है क्योंकि उपजकर्ताओं द्वारा संग्रहीत कॉफी के विपणन से प्राप्त आय को विपणन लागत तथा प्रशासनिक व्यय काटने के पश्चात् उनके बीच वितरित कर दिया जाता है । स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना के लागू होने पर कॉफी की विपणन-लागत में पर्याप्त कमी होने की संभावना है ।

(घ) श्रम शक्ति में उक्त कटौती केवल कॉफी बोर्ड के विपणन निदेशालय में ही करने का विचार है, जहां पता चला है कि कम हुए क्रिया-कलापों की वजह से श्रम शक्ति बेशी हो गई है । इसलिये बोर्ड के अन्य क्रियाकलापों पर विपरीत प्रभाव नहीं पड़ेगा ।

Export of Milk powder

618. SHRI BHUPINDER SINGH MANN: Will the Mlinister of COMMERCE be pleased to state:

(a.) whether it is a. fact that export of milk powder is still under control by Government;

(b) if so, what are the obstacles on the way of allowing export of milk! powder and conditionalitiee laid down for it;

(c) what are the efforts made by Government to increase the produc-